तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि-

# कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार 20 मई 2026



11 विधायक ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर का ...



12 शिक्षा, योग-आयुर्वेद व निःस्वार्थ सेवा के लिए ...






## खबर संक्षेप

### स्वयं की लापरवाही से हुई मौत, मामला दर्ज

**कांकेर।** सरोना थानांतर्गत ग्राम धनेसरा के मोड़ के पास हुई बाईक दुर्घटना की विवेचना में पुलिस ने पाया कि धनेसरा निवासी 21 वर्षीय धनश्याम कोर्राम पिता स्व. भारत कोर्राम 8 नवंबर को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बी 9542 से अपने निजी काम से नरहरपुर गया हुआ था। वापिस आते समय मोटर सायकल अनियंत्रित होने से स्वयं रोड किनारे लगे स्लैब में टकराकर एक्सीडेंट हो गया, जिसके कारण उसे आई गंभीर चोंट के कारण इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक घनश्याम कोर्राम पिता स्व. भारत कोर्राम के खिलाफ धारा 106 (1), 281 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### महिला की मौत का कारण स्पष्ट नहीं, मर्ग कायम

**कांकेर।** सिविल अस्पताल पखांजुर के मेमो पेश करने पर पखांजुर पुलिस को बताया गया कि मृतिका गिड़ढे निवासी 37 वर्षीय कुंती बाई उईके पति जंगलू को इलाज के लिए 15 मई को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों ने मृतिका का मौत ब्राड डेट होना उल्लेख किया है। संदिग्ध अवस्था के चलते पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया गया और शव का पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौपा गया।

### हाटकोंदल में कांग्रेस की मंडल स्तरीय बैठक आज

**दुर्गुकोंदल।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्गुकोंदल के निर्देश पर बुधवार 20 मई को सुबह 9 बजे ग्राम हाटकोंदल में मंडल स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष धनेश नरेटी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान संगठन सृजन, बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाने तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही मंडल, सेक्टर और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक जिम्मेदारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे।

### सड़क दुर्घटना में घायल महिला ने तोड़ा दम

**कांकेर।** कोतवाली थानांतर्गत गैस गोदाम कांकेर के पास सड़क दुर्घटना में घायल बुजुर्ग महिला का इलाज के दौरान 17 मई को मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि दुधावा चौकी अंतर्गत मावलीपारा निवासी 62 वर्षीय उषा बाई उईके पति महार सिंह घायल हो गई थी। इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# पोरोण्डी पुल निर्माण का सपना होगा साकार, दो दर्जन से ज्यादा गांवों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

■ विधायक विक्रम उसेंडी आज करेंगे भूमिपूजन

पोरोण्डी पुल निर्माण का सपना अब धरातल पर उतरने जा रहा है। क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांवों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ चुका है। विधायक विक्रम उसेंडी 20 मई को भूमिपूजन कर निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत करेंगे, जिससे ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। बरसात के दिनों में आवागमन की गंभीर समस्या झेलने वाले ग्रामीणों को अब राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

क्षेत्रवासियों के लिए बहुप्रतीक्षित पोरोण्डी पुल निर्माण कार्य अब शुरू होने जा रहा है। प्रशासनिक प्रक्रियाओं और विभागीय विलंब के चलते यह परियोजना करीब आठ माह तक अटकी रही, लेकिन अब निर्माण एजेंसी को हरी झंडी मिलने के बाद काम प्रारंभ होने की तैयारी पूरी हो चुकी है। बताया जा रहा है कि विधायक विक्रम उसेंडी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया जाएगा। यह पुल बनने से आसपास के दो दर्जन से अधिक गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। वर्तमान में ग्रामीणों को नदी-नालों के कारण बरसात के समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार मरीजों, स्कूली बच्चों और किसानों को जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ता है। पुल निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी।

## शुरू हो जाएगा निर्माण कार्य



### पुल अभी तक बन चुका होता

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं समयसीमा का विशेष ध्यान रखने की मांग भी की है, ताकि आने वाले वर्षों में क्षेत्रवासियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जिला निर्माण समिति बंद नहीं हुई होती, तो पुल का निर्माण कार्य काफी पहले ही पूरा हो गया होता। समिति बंद होने के बाद यह कार्य दूसरे विभाग को सौंपा गया, लेकिन स्वीकृति मिलने के बावजूद विभागीय कार्यप्रणाली में लगभग आठ माह का समय लग गया। अब जाकर निर्माण प्रक्रिया आगे बढ़ पाई है। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि इस बार निर्माण कार्य तय समय में पूरा होगा और वर्षों पुरानी समस्या से उन्हें स्थायी राहत मिलेगी।

## कार्रवाई : दुर्गूकोंदल में अवैध रेत कारोबार पर प्रशासन का शिकंजा

# अवैध उत्खनन में लगी चेनमाउंटेन मशीन को किया सील, 5 हाइवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

■ खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग की कार्रवाई

कांकेर जिले के दुर्गूकोंदल क्षेत्र में अवैध रेत कारोबार पर प्रशासन ने ऐसा शिकंजा कसा कि रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया। खनिज विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने 18 मई को ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए पांच हाईवा वाहनों को जब्त किया, वहीं अवैध उत्खनन में लगी एक चैन माउंटेन मशीन को मौके पर ही सील कर दिया। प्रशासन की इस बड़ी कार्रवाई के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के बीच डर साफ नजर आया।

जानकारी के अनुसार दुर्गूकोंदल क्षेत्र में लंबे समय से अवैध रेत उत्खनन और परिवहन की शिकायतें लगातार प्रशासन तक पहुंच रही थीं। ग्रामीणों द्वारा भी कई बार इस मुद्दे को उठाया गया था। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने विशेष अभियान चलाया और संयुक्त टीम बनाकर विभिन्न स्थानों पर एक साथ छापेमार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान कोडेकुर्से थाना क्षेत्र में दो हाइवा वाहनों को अवैध रेत परिवहन करते हुए पकड़ा गया। दोनों वाहनों को जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षा के बीच खड़ा कराया गया है। वहीं लोहत्तर थाना क्षेत्र में भी तीन अन्य हाइवा वाहनों को पकड़कर पुलिस निगरानी में रखा गया है। अधिकारियों ने बताया कि इन वाहनों के दस्तावेजों की जांच की जा रही है और नियमानुसार आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

इसी दौरान प्रशासनिक टीम ने कोंडूज क्षेत्र में भी दबिश दी, जहां अवैध रेत उत्खनन में लगी एक चैन माउंटेन मशीन को मौके पर ही सील कर दिया गया। बताया जा रहा है कि उक्त मशीन का उपयोग बिना अनुमति रेत खनन कार्य में किया जा रहा था। अधिकारियों ने मशीन संचालकों से आवश्यक दस्तावेज मांगे, लेकिन वैध अनुमति प्रस्तुत नहीं किए जाने पर तत्काल कार्रवाई की गई। क्षेत्र में लगातार हो रहे अवैध रेत कारोबार को लेकर ग्रामीणों में भी लंबे समय से नाराजगी थी। लोगों का कहना है कि अवैध उत्खनन के कारण नदी-नालों का स्वरूप बिगड़ रहा था और पर्यावरण पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा था। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है और संयुक्त टीम की सराहना करते हुए कहा कि लंबे समय बाद अवैध कारोबारियों पर प्रभावी कार्रवाई देखने को मिली है।



### नियमों के उल्लंघन पर होगी कठोर कार्रवाई

प्रशासनिक अधिकारियों ने साफ शब्दों में कहा है कि अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों ने यह भी कहा कि अवैध रेत खनन से न केवल शासन को राजस्व का नुकसान होता है, बल्कि पर्यावरण को भी गंभीर क्षति पहुंचती है।



### गाडियों के चालकों परभी कारवीई

जिला खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू ने बताया कि वाहन क्रमांक सीजी 08 एडब्लयू 0051 वाहन चालक भानु साहू, वाहन क्रमांक सीजी 08 एएक्स 7311 वाहन चालक नैथभारतू साहू, सीजी 08 एजेड 5902 वाहन चालक संगतराम, सीजी 08 बीसी 6906 वाहन चालक कलेश साहू और सीजी 08 एयू 0738 वाहन चालक पोखराज के अलावा एक चैन माउंटेन पर कार्रवाई की गई है।

## सेवानिवृत्त शिक्षक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत



**भानुप्रतापपुर।** नगर में मंगलवार की सुबह एक दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया। रोज की तरह मॉर्निंग वॉक पर निकले सेवानिवृत्त शिक्षक हीरामणि साहू (85) की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में मातम पसरा हुआ है और हर कोई इस हादसे से स्तब्ध है।

जानकारी के अनुसार, राइसमिल पारा भानुप्रतापपुर निवासी तथा मूल निवासी केवटिनटोला, कोरर के रहने वाले हीरामणि साहू प्रतिदिन सुबह करीब 5 बजे टहलने के लिए घर से निकलते थे। मंगलवार 19 मई की सुबह भी वे नियमित रूप से मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इसी दौरान सुबह लगभग सवा 5 बजे भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशन से करीब 500 मीटर दूर संबलपुर रोड स्थित रेलवे ओवरब्रिज के नीचे रेलवे ट्रैक पार करते समय वे ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसा इतना भयावह था कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को रेलवे पटरी से हटवाकर अस्पताल पहुंचाया। बाद में मृतक की पहचान उनके पुत्र रघुनाथ साहू ने की। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक हीरामणि साहू क्षेत्र के सम्मानित एवं सरल स्वभाव के शिक्षक माने जाते थे। उनके निधन की खबर फैलते ही परिजनों सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए रेलवे ट्रैक पार करते समय अतिरिक्त सतर्कता बरतने की अपील की है।

# भीषण गर्मी में बिजली संकट से उबले ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल



भीषण गर्मी के बीच बिजली संकट से जूझ रहे दुर्गूकोंदल क्षेत्र के ग्राम हाहालद्दी व दोड़दे में अब ग्रामीणों का गुस्सा खुलकर सामने आने लगा है। लगातार घंटों बिजली गुल रहने से परेशान ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर जल्द समाधान की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का शीघ्र निराकरण नहीं हुआ तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

दुर्गूकोंदल क्षेत्र के ग्राम हाहालद्दी व दोड़दे में लगातार हो रही बिजली कटौती से ग्रामीणों का सब्र जवाब देने लगा है। भीषण गर्मी के बीच घंटों बिजली बंद रहने से परेशान ग्रामीणों ने मंगलवार 19 मई को कलेक्टर के नाम तहसीलदार को शिकायत पत्र सौंपते हुए नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि दुर्गूकोंदल से सप्लाई होने वाली विद्युत लाइन सप्ताह में लगभग पांच दिन तक तीन से पांच घंटे बंद रहती है। कई बार बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली काट दी जाती है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गर्मी के इस मौसम में छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों की स्थिति सबसे अधिक दयनीय बनी हुई है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पूर्व में मेंटेनेंस कार्य के नाम पर कई दिनों तक बिजली आपूर्ति बंद रखी गई थी, लेकिन इसके बावजूद व्यवस्था में कोई सुधार दिखाई नहीं दे रहा। लगातार बिजली गुल रहने से पेयजल व्यवस्था प्रभावित हो रही है। घरेलू कार्यों के साथ-साथ किसानों की दिनचर्या और विद्यार्थियों की पढ़ाई पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि विभाग के सब इंजीनियर दो घंटे तक ज्ञापन लेने नहीं पहुँचे और उसके बाद मोबाइल बंद कर दिया। ऐसे लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई भी होना जरूरी है।

**सरपंच के नेतृत्व में सौंपा गया ज्ञापन :** सरपंच दुर्गूकोंदल शकुंतला नरेटी एवं सरपंच खुटगांव मुकेश कुमार नरेटी के नेतृत्व में ग्रामीण दिनेश कुमार, भोजराज, अजय कुमार, प्रमोद कुमार, दुर्गाराम, सोहन, महेश, राजेश, लोकेश, उमेश्वर, सुरेंद्र नेताम, हुमन लाल, मोहनलाल, दशरथ, रजमन और बिसाहू सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

# सड़क-पुल निर्माण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं नरहरपुर कॉलेज भवन के ठेकेदार को देंगे नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



■ निर्माण कार्यों में तेजी लाने के सचिव बंसल ने दिए निर्देश

राज्य शासन वनांचलों और दूरस्थ क्षेत्रों में बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने पूरी सक्रियता से कार्य कर रहा है। इसी उद्देश्य से लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल ने कांकेर जिले का दौरा कर भानुप्रतापपुर में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली और निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता व्हीके भतपहरी भी उपस्थित रहे।

आयोजित बैठक में लोक निर्माण विभाग के सचिव ने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्माणाधीन सड़कों, पुलों और भवनों को तय समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश देते हुए लंबित निविदा प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा कर कार्य प्रारंभ करने कहा। आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए उन्होंने सभी सड़कों की मरम्मत बरसात से पहले पूर्ण करने, पुलों पर रेलिंग और रिफ्लेक्टर लगाने तथा जलभराव रोकने के लिए आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने दूरस्थ गांवों को बारहमासी सड़कों से जोड़ने के लिए नए पुल निर्माण प्रस्ताव तत्काल शासन को भेजने कहा। नरहरपुर कॉलेज भवन निर्माण में अत्यधिक देरी और लापरवाही पर संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए उन्होंने गुणवत्ताहीन कार्य करने वाले ठेकेदारों पर पेनाल्टी, डिग्रेडेशन और आवश्यकता पड़ने पर टर्मिनेशन की कार्रवाई करने की बात कही।

**खंडी नदी तथा मेढ़की नदी पर निर्माणाधीन पुल का किया निरीक्षण :** दौरे के दौरान सचिव ने छोटे नारायणपुर में खंडी नदी तथा मेढ़की नदी पर निर्माणाधीन उच्च स्तरीय पुलों का निरीक्षण किया। साथ ही अंतागढ़ से नारायणपुर तक लगभग 120 करोड़ रुपये की लागत से चल रहे सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का भी जायजा लिया और अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## परतापुर एरिया कमेटी की महिला नक्सली एसीएम रूपी की हुई थी मौत

# माचपल्ली के जंगल में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ की होगी अब दंडाधिकारी जाँच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

■ जिला दण्डाधिकारी ने 15 दिवस के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

कांकेर जिले के छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के माचपल्ली जंगल में हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़ अब प्रशासनिक जांच के दायरे में आ गई है। इस चर्चित मुठभेड़ में एक महिला एसीएम माओवादी रूपी की मौत के बाद जिला प्रशासन ने मामले की निष्पक्ष जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने घटना की गंभीरता को देखते हुए दण्डाधिकारी जांच कराने का फैसला लिया है, जिससे पूरे घटनाक्रम की सच्चाई सामने लाई जा सके।



आपरेशन : एसपी की बचे नक्सलियों चेतावनी, सरेंडर करो वर्ना मारे जाओगे

रूपी के मारे जाने के बाद उत्तर बस्तर के 14 नक्सलियों को पुलिस का अल्टीमेटम

आत्मसमर्पण की अपील

कोयलीबेड़ा विकासखंड अंतर्गत छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के ग्राम माचपल्ली के जंगल-पहाड़ी में 13 अप्रैल 2026 को पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस दौरान एक महिला माओवादी, जिसकी पहचान एसीएम रूपी के रूप में हुई, मारी गई थी। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा निष्पक्ष जांच की मांग किए जाने पर जिला प्रशासन ने डिप्टी कलेक्टर एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी राजस्व अनुभाग पखांजूर मनीष देव साहू को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। जारी आदेश के अनुसार जांच अधिकारी को 15 दिनों के भीतर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करना होगा। जांच में कुल 11 महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल किया गया है। इनमें मुठभेड़ की पृष्ठभूमि, सर्चिंग अभियान के लिए जारी विभागीय आदेश, घटना की वास्तविक परिस्थितियां, माओवादी गतिविधियों की प्रकृति तथा महिला माओवादी की मौत के कारणों की पड़ताल प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके अलावा मृतक नक्सली की पहचान, उसका आपराधिक रिकॉर्ड, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उल्लेखित मौत के कारण, चिकित्सकीय अभिमत तथा मुठभेड़ के दौरान पुलिस बल या आम नागरिकों को हुई क्षति की भी विस्तार से जांच की जाएगी। जांच अधिकारी को घटना स्थल निरीक्षण, मौके से जब्त सामग्री, ग्रामीणों के बयान, प्रत्यक्षदर्शियों की गवाही, थाना में दर्ज एफआईआर, पुलिस विवेचना और लागू धाराओं का भी परीक्षण करना होगा।

### तथ्यों को प्रतिवेदन में करेंगे शामिल

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जांच के दौरान जारी प्रेस विज्ञप्तियों, समन, सूचनाओं और अन्य स्रोतों से प्राप्त तथ्यों को भी प्रतिवेदन में शामिल किया जाएगा। जिला प्रशासन की इस कार्रवाई को मुठभेड़ की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अब सबकी नजरें जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं, जिससे इस हाई-प्रोफाइल मुठभेड़ के कई अहम पहलुओं से पर्दा उठने की उम्मीद है।

# सोलर ड्यूल पंप लगा देने से खोड़पानी में मिलने लगा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत टेमरूपानी के आश्रित ग्राम खोड़पानी गावड़ेपारा में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत क्रेडा द्वारा सोलर ड्यूल पंप का स्थापना कार्य किया गया है। सहायक अभियंता क्रेडा डीएस सिदार ने बताया कि संयंत्र के समीप नवीन बोरवेल की माँग पर विभाग द्वारा कुछ माह पूर्व नवीन बोरवेल खनन किया गया। जिसमें क्रेडा विभाग के उप अभियंता एवं मैकेनिक स्थल पर पहुंचकर कर नवीन बोरवेल में स्पेयर पंप मोटर, एचडीपीई पाईप, रोप वायर, केबल एवं अन्य सामग्री स्थापित कर संयंत्र को कार्यशील कर दिया गया है। संयंत्र कार्यशील हो जाने से ग्रामवासियों को नियमित रूप से पेयजल प्राप्त हो रहा है।



